# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में रैपुरा पुलिस टीम ने थाना रैपुरा पुलिस ने धोखाधड़ी कर नकली सोना देकर अवैध तरीके से रूपये लेने वाले आरोपी अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-</u>**

1.राजाबाबू आदिवासी S/O क्रमताल निवासी महुआ खेड़ा कोपना घाट थाना शाहनगर जनपद पन्ना (म0प्र0)

**<u>गिरफ्तारी का स्थान-</u>**

सरैंया रोड़ पर उड़की माफी तिराहे के पास 200 मीटर पहले

**बरामदगीः-**

1. 20 हजार रूपये
2. देशी तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**संक्षिप्त विवरण-**

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 27.09.2024 को वादी कामता सोनी पुत्र जीतलाल सोनी निवासी ग्राम तुलसी मन्दिर रोड कस्बा राजापुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा थाना रैपुरा पर सूचना दी कि दिनाँक 24.09.24 को वह अपनी दुकान पर अपने भाइयों के साथ बैठा था तभी उसकी दुकान पर शिवशंकर पुत्र भोला निवासी बसिंधा, विद्यानन्द मिश्रा पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी बरेठी तथा अजय पुत्र हरिशंकर निवासी बरेठी दुकान पर आये तथा उसे बताये की गांव पवारी के बबूली उर्फ मेवालाल ने फोन से बताया कि बबूली के दोस्त के पास 500 ग्राम सोना है बानगी के तौर पर रत्ती सोना देगा जिसे चेक कर लो अगर सही हो तो 60 हजार रूपये तोला के हिसाब से देगा उसकी बात पर विश्वास करते हुए अपने भाई छोटू सोनी व बिजनेस के सहयोगी विनोद पुत्र तुलसीदास तथा शिवशंकर पुत्र भुल्ला को चार पहिया वाहन में लेकर मारकुण्डी तिराहा मानिकपुर पहुंचे जहाँ पर बबूली उर्फ मेवालाल मिला जिसने बताया मारकुण्डी रोड पर पहली क्रासिंग पर सेम्पल के लिये बुलाया जा रहा है। हम सभी लोग क्रासिंग से थोड़ा आगे पहुँच तो सड़क किनारे तीन व्यक्ति खड़े थे जिन्होने 02 रत्ती सोने का टूकड़ा काटकर दिया बोले जाकर चेक कर लो चेक किया तो सही पाया गया। विश्वास होने पर 1425000(चौदह लाख पच्चीस हजार) रूपये से भरा बैंग दे दिया जिसमें 02 मोबाइल फोन भी गलती से छूट गये। इस सूचना के आधार पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 160/24 धारा 318(4), 316(2) बीएनएस बनाम बबूली उर्फ मेवालाल पुत्र अज्ञात निवासी पवारी चित्रकूट के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक रैपुरा द्वारा विवेचना उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय को सुपुर्द की गयी। उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय व उनकी टीम को विवेचना के क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि साहब आप जिन ठगी करने वाले आरोपियों की तलाश में है सरैंया रोड़ ग्राम उड़की माफी तिराहा पर खड़े हैं। जिनके पास नाजायज हथियार भी है अगर जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है । इस सूचना पर विश्वास कर हम पुलिस वालों द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक बल प्रयोग कर घेरघार कर एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम व पता पूछते हुए जामातलाशी ली गयी एवं भागे हुए लोगों के विषय में पूछा गया तो अपना नाम राजाबाबू आदिवासी पुत्र क्रमताल निवासी महुआ खेड़ा कोपना घाट थाना शाहनगर जनपद पन्ना (म0प्र0) बताया गया । जामा तलाशी से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा कुल 20,000 रूपये व रेडमी कम्पनी का एन्ड्राइड मोबाइल बरामद हुआ ।

भागे हुए व्यक्तियों के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि अभियुक्त 1. नीना सिंह पुत्र चेकबाबू 2. बलराम पुत्र बलराज 3. बी डी एम पुत्र नीना सिंह निवासीगण महुआ खेड़ा कोपना घाट थाना शाहनगर जनपद पन्ना (म0प्र0) हम चारों लोगों ने मिलकर करीब एक माह पहले मानिकपुर से मारकुण्डी रोड़ पर दोनो रेलवे फाटक के बीच जंगल में सोने चाँदी का व्यापार करने वाले सुनारों को आधा किलो नकली सोना देकर उनसे 14 लाख 25 हजार रुपया लेकर जंगल में भागकर छुप गये थे बटवारे में सभी लोगों को खर्च के नाम पर 50,000 रुपया प्रत्येक व्यक्ति को दिया गया था शेष रुपया नीना सिंह के पास है जो रुपया मेरे पास बरामद हुआ है वह वही रुपया है । बरामद तमंचा,कारतूस मोबाइल रेडमी एन्ड्राइड के विषय में पूछा गया तो बताया कि यह मोबाइल, तमंचा मेरा है जिसमें मेरे नाम का सिम है जिसका मोबाइल नम्बर 7470388479 है जो ठगी व धोखाधड़ी की घटना के समय मेरे पास था ।

माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS की बढ़ोतरी की गयी तथा अवैध तमंचा रखने के आरोप में थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 180/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय थाना रैपुरा

2. उ0नि0 राजेश कुमार

3. आरक्षी बब्बूराजा

4. आरक्षी शिवम मिश्रा

5. आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा भोली भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अभियुक्त 1.विष्णु पुत्र रामजी 2.प्रेम नारायण पांडेय पुत्र व्यास नारायण पांडेय 3. शिवा पांडेय पुत्र भोला पांडेय 4.रामजी पुत्र स्वर्गीय रामदास निवासीगण छीबों थाना राजापुर 5.रामबाबू लालबाबू पुत्रगण भोदल निवासी बरगदी पुरवा मजरा बेराउर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठ,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक महिला सहायता प्रकोष्ठ श्री जयप्रकाश उपाध्याय द्वारा महिला बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में थाना पर नियुक्त समस्त कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारियों के दिए गये आदेश निर्देशों से अवगत कराया गया।

गोष्ठी में थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों के बीट रजिस्टरों को देखा गया एवं मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत सभी महिला पुलिसकर्मियों को उनकी बीट में नियमित भ्रमण करने महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी जाने के सम्बन्ध में बताया गया साथ ही थाने की महिला हैल्पडेस्क पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनकर उनका समय से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

**(6).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कर्वी की एण्टीरोमियों टीम द्वारा गोस्वामी तुलसीदास स्नातोक्तर राजकीय महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट में जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को साइबर,महिला सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्राओं को समाज में चल रहे साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुये बताया गया कि

सोशल मीडिया के प्रयोग करते समय अपने पासवर्ड किसी से साझा न करें तथा किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी न बतायें तथा साइबर सम्बन्धी अपराध की शिकायत हेतु साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल कॉल करें तथा छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में जागरूक किया गया।

**(7).** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज श्री प्रेम कुमार गौतम एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा बरगढ़ थाना अन्तर्गत बालिका के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा सुनसान जंगल में की गयी दुष्कर्म की घटना के घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना स्थल निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह,क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फजद अली के अलावा एसओजी प्रभारी भी मौजूद रहे है। दोनों अधिकारियों द्वारा घटना के अनावरण हेतु लगायी गयी सभी टीमों को अपेक्षित निर्देश देते हुए कस्बा बरगढ़ के सीसीटीवी कैमरो की फुटेज, इलेक्ट्रानिक सर्विलांस,परम्परागत पतारसी सुरागरसी एवं मुखबिरी के माध्यम से घटना के अनावरण हेतु निर्देश दिये गये और इस कार्यवाही में विभिन्न थानों से लगायी गयी टीमों के अतिरिक्त एसओजी,फील्ड यूनिट,सर्विलांस सेल को अलग से निर्देश दिये गये और घटना के शीघ्र अनावरण हेतु जोर दिया गया।